Com. S.O (Gr.'B') LDCE, 2023

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी. बी. सी. : SAAI-B-PXM**

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या** 1000249

# परीक्षण पुस्तिका

## प्रश्न-पत्र II

## (कार्यविधि और पद्धति, कोटि III)

**A**

*समय : दो घण्टे* | *पूर्णांक : 150*

### अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर *और कुछ न* लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए *केवल एक ही* प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर *ही* अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. *सभी* प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**Note :** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. किसकी सिफारिश पर निलंबन के आदेश की समीक्षा ऐसे अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए, जो निलंबन के आदेश को उपांतरित या प्रतिसंहरित करने के लिए सक्षम हो ?

(a) इस प्रयोजन के लिए गठित समीक्षा समिति की

(b) इस प्रयोजन के लिए गठित निलंबन समिति की

(c) इस प्रयोजन के लिए गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की

(d) इस प्रयोजन के लिए नियत विभागाध्यक्ष

2. रेल सेवक (अनुशासनिक और अपील) नियमावली, 1968 के किस नियम का संबंध निलंबन के प्रावधानों से है ?

(a) नियम 10

(b) नियम 9

(c) नियम 5

(d) नियम 2

3. निम्नलिखित कटौतियों में से कौन-सी कटौती, निर्वाह भत्ते से अनिवार्य कटौती के अधीन *नहीं* आती है ?

(a) आय कर – जहाँ देय हो

(b) चिकित्सालय आहार प्रभार

(c) मकान किराया, विद्युत प्रभार, जल प्रभार

(d) रेलवे संस्थानों और क्लबों के लिए अभिदान

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

किसी रेल सेवक को निम्नलिखित मामलों में सक्षम प्राधिकारी के किसी आदेश द्वारा निलंबित माना जाएगा :

1. यदि उसे, उसकी निरोध की तारीख से, चाहे किसी आपराधिक आरोप के लिए या अन्यथा, 48 घंटे से अधिक की अवधि के लिए अभिरक्षा में निरुद्ध रखा जाता है, तो निरोध की तारीख से ।
2. यदि उसे, उसकी निरोध की तारीख से, चाहे किसी आपराधिक आरोप के लिए या अन्यथा, 24 घंटे से अधिक की अवधि के लिए अभिरक्षा में निरुद्ध रखा जाता है, तो निरोध की तारीख से ।
3. यदि उसे, किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध ठहराया जाने पर 48 घंटे से अधिक की अवधि के लिए कारावास का दण्ड दिया जाता है और ऐसी दोषसिद्धि के परिणामस्वरूप तत्काल पदच्युत नहीं किया जाता है या हटाया नहीं जाता है या अनिवार्यतः सेवानिवृत्त नहीं किया जाता है, तो दोषसिद्धि की तारीख से ।
4. उस तारीख के प्रभाव से, जिस तारीख को वह कार्यालय को सूचित करता है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही *नहीं* है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 2 और 4

(d) 1 और 3

5. निम्नलिखित में से किस मामले में सील्ड कवर (मुहरबंद आवरण) प्रक्रिया लागू *नहीं* की जाती है ?

(a) निलंबनाधीन सरकारी सेवक

(b) सरकारी सेवक जिसके संबंध में आरोप पत्र जारी किया गया है और अनुशासनिक कार्यवाहियाँ लंबित हैं

(c) सरकारी सेवक जिसके संबंध में आपराधिक आरोपों के लिए अभियोजन लंबित है

(d) सरकारी कर्मचारी जिसके विरुद्ध शिकायत प्राप्त हुई है किंतु कोई कार्यवाही नहीं चल रही है

1. The review of an order of suspension shall be done by the authority which is competent to modify or revoke the suspension, on the recommendation of

(a) the review committee constituted for the purpose

(b) the suspension committee constituted for the purpose

(c) the high powered committee constituted for the purpose

(d) the Head of the Department appointed for the purpose

2. Which one of the following rules of the Railway Servants (Discipline and Appeal) Rules, 1968, deals with the provisions of suspension ?

(a) Rule 10

(b) Rule 9

(c) Rule 5

(d) Rule 2

3. Which one of the following deductions does ***not*** come under compulsory deduction from subsistence allowance ?

(a) Income Tax – where due

(b) Hospital diet charges

(c) House rent, electricity charges, water charges

(d) Subscription to Railway institutes and clubs

4. Consider the following statements:
A Railway servant shall be deemed to have been suspended by an order of competent authority in the following cases :

1. With effect from the date of his detention, if he is detained in custody whether on a criminal charge or otherwise, for a period exceeding 48 hours.

2. With effect from the date of his detention, if he is detained in custody whether on a criminal charge or otherwise for a period of 24 hours.

3. With effect from the date of his conviction, if in the event of conviction for an offence, he is sentenced to a term of imprisonment after exceeding 48 hours and is not forthwith dismissed or removed or compulsorily retired consequent to such conviction.

4. With effect from the date, he intimates to the office about his detention.

Which of the above statements is/are ***not*** correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 2 and 4

(d) 1 and 3

5. The sealed cover procedure is ***not*** applicable to :

(a) Government servants under suspension.

(b) Government servants in respect of whom a charge sheet has been issued and the disciplinary proceedings are pending.

(c) Government servants in respect of whom prosecution for a criminal charge is pending.

(d) Government servants against whom a complaint has been received but no proceeding is in process.

6. रेल सेवक (अनुशासन और अपील) नियमावली, 1968 के निम्नलिखित में से किस नियम के निबंधनों के अनुसार, किया गया या किया हुआ समझा गया निलम्बन का आदेश तब तक प्रवृत्त रहेगा जब तक कि वह उस प्राधिकारी द्वारा आशोधित या रद्द नहीं कर दिया जाता, जो ऐसा करने के लिए सक्षम है?

(a) नियम 5(5)(a)

(b) नियम 3(5)(a)

(c) नियम 2

(d) नियम 1

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

ऐसी परिस्थितियों में, जहाँ निलंबन एक तत्काल उपचार है, जिससे कि किसी भावी क्षति को रोका जा सके :

1. कर्मचारी के काम पर बने रहने से लोगों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

2. उसके कार्य पर बने रहने से रेलवे की संपत्ति को गंभीर क्षति हो सकती है।

3. उसने लोक व्यवहार में एक से अधिक बार कदाचार किया है।

4. उसके कार्य पर बने रहने से उसके आरापों की जाँच कर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है या इससे संगत रिकार्ड या साक्ष्य की क्षति हो सकती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही ***नहीं*** है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3

(b) 1 और 4

(c) 1, 2, 3 और 4

(d) केवल 3

8. किसी कर्मचारी की, उसके निलंबन के दौरान उसके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाहियाँ या न्यायालय की कार्यवाहियाँ पूरी होने से पहले मृत्यु के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) निलंबन की तारीख और मृत्यु की तारीख के बीच की अवधि को सभी प्रयोजनों के लिए ड्यूटी के रूप में माना जाएगा और उसके परिवार को पहले से दिए गए निर्वहन भत्ते का समायोजन करते हुए उस अवधि के लिए, यदि वह निलंबित नहीं होता तो उसकी जो पात्रता होती उसके अनुसार, पूर्ण वेतन और भत्तों का भुगतान किया जाएगा।

(b) निलंबन की तारीख और मृत्यु की तारीख के बीच की अवधि को सभी प्रयोजनों के लिए उसे ड्यूटी पर तैनात के रूप में नहीं माना जाएगा और उसके परिवार को उसकी निलंबन की अवधि के लिए किसी भी देय का भुगतान नहीं किया जाएगा।

(c) निलंबन की तारीख और मृत्यु की तारीख के बीच की अवधि को सभी प्रयोजनों के लिए ड्यूटी के रूप में माना जाएगा और उसके परिवार को पहले से दिए गए निर्वहन भत्ते को हिसाब में लिए बिना उस अवधि के लिए, यदि वह निलंबित नहीं होता तो उसकी जो पात्रता होती उसके अनुसार, पूर्ण वेतन और भत्तों का भुगतान किया जाएगा।

(d) अनुशासनिक कार्यवाहियों या न्यायालय की कार्यवाहियों के परिणाम के अनुसार निर्णय लिया जाएगा।

6. In terms of which one of the following rules of the Railway Servants (Discipline and Appeal) Rules, 1968, an order of suspension made or deemed to have been made shall continue to remain in force until it is modified or revoked by the authority competent to do so ?

(a) Rule 5(5)(a)

(b) Rule 3(5)(a)

(c) Rule 2

(d) Rule 1

7. Consider the following statements :
The situations where suspension is an instantaneous remedy required to use immediately to save any further damage :

1. Continuance of the employee in work might endanger the safety of public.
2. His continuance might entail serious damage to Railway property.
3. He has done misbehaviour more than once in public dealing.
4. His continuance in work might prejudice the inquiry into the charge or might lead to the loss of relevant records or evidence.

Which of the above statements is/are ***not*** correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 4

(c) 1, 2, 3 and 4

(d) 3 only

8. Which one of the following statements is correct regarding the death of any employee while under suspension, before the disciplinary proceedings or the court proceedings against him are concluded ?

(a) The period between the date of suspension and the date of death shall be treated as duty for all purposes and his family shall be paid the full pay and allowances to which he would have been entitled had he has not been suspended, for that period subject to adjustment of subsistence allowance already paid.

(b) The period between the date of suspension and the date of death shall be treated not as duty for all purposes and his family shall not be paid any dues for the period of suspension.

(c) The period between the date of suspension and the date of death shall be treated as duty for all purposes and his family shall be paid the full pay and allowances to which he would have been entitled had he not been suspended, for that period subsistence allowance will not be taken into account.

(d) The decision will be taken as per outcome of disciplinary proceeding or the court proceedings.

9. निम्नलिखित शास्तियों में से कौन-सी शास्ति लघु शास्ति की श्रेणी में *नहीं* आती है ?

(a) परिनिंदा

(b) किसी निर्दिष्ट अवधि के लिए वेतन वृद्धियों को आगे और निर्देशों के साथ रोकना, कि ऐसी निर्दिष्ट अवधि की समाप्ति पर इसका उसकी भावी वेतन वृद्धियों की अवधि को मुल्तवी करने का प्रभाव होगा या नहीं होगा

(c) समय वेतनमान, ग्रेड, पद या सेवा के लिए कम की गई अवधि उसके वेतन की भावी वेतन वृद्धियों को मुल्तवी करने के लिए प्रचालित होंगी और यदि ऐसा होता है, तो यह किस सीमा तक होगी

(d) विशेषाधिकार पास या विशेषाधिकार स्टिकर आदेशों या दोनों या दोनों पर रोक लगाना

10. परिनिंदा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(a) यह एक लिखित चेतावनी है जिसे गोपनीय रिपोर्ट में जोड़ा जाता है ।

(b) यह किसी अन्य सेवा के अधिकार को गंभीर तौर पर प्रभावित करता है ।

(c) यह किसी अन्य सेवा-अधिकार को किसी भी गंभीर तरीके से प्रभावित नहीं करता है ।

(d) यह वार्षिक वेतन वृद्धि को प्रभावित नहीं करता है।

11. रेल सेवक के द्वारा संगठनों या संघों (यूनियन) में सम्मिलित होने के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. किसी राजपत्रित रेल सेवक को किसी गैर-राजपत्रित रेल सेवकों के संगठन यथा “रेलवे कर्मचारी संघ” में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं है ।

2. जब कोई गैर-राजपत्रित रेल सेवक, जो रेलवे कर्मचारी संघ का सदस्य हो, किसी राजपत्रित रैंक में या तो स्थानापन्न या फिर स्थायी क्षमता में पदोन्नत होता है तो उसे उस संघ की सदस्यता से त्याग पत्र देना होगा ।

3. तथापि यदि संबंधित अधिकारी संबंधित रेलवे महा प्रबंधक की इस बात की संतुष्टि कर देता है कि इस संघ से त्याग पत्र देने से मृत्यु या दुर्घटना बीमा जैसी इस संघ के द्वारा चलाई जा रही लाभार्थी स्कीम के तहत उसे आर्थिक या अन्यथा हानि हो जाएगी तो उसे सामान्य सदस्य के रूप में उस संघ का सदस्य बने रहने की अनुमति दी जा सकती है किंतु उसे उस संघ का पदधारी या प्रतिनिधि बने रहने की अनुमति नहीं होगी ।

4. इस संबंध में महा प्रबंधक की संतुष्टि करने का दायित्व संबंधित अधिकारी का होगा ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 4

(b) केवल 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2, 3 और 4

9. Which one of the following penalties does ***not*** come under the category of minor penalty ?

(a) Censure

(b) Withholding of increments of pay for a specified period with further directions as to whether on the expiry of such period this will or will not have the effect of postponing the future increments of his pay

(c) The period of reduction to time scale of pay, grade, post or service shall operate to postpone future increments of his pay and if so, to what extent

(d) Withholding of the privilege passes or privilege sticker orders or both

10. Which one of the following statements is ***not*** correct regarding censure ?

(a) It is a written warning which is added to CR.

(b) It affects any other service rights in a serious way.

(c) It does not affect any other service rights in any serious way.

(d) It does not affect yearly increment.

11. Consider the following statements regarding joining of associations or unions by Railway servants :

1. It is not permissible for a Gazetted Railway servant to join any association of non-Gazetted Railway servants like a Railway Employees Union.

2. When a non-Gazetted Railway servant who is a member of Railway Employees Union is promoted to Gazetted rank, either in an officiating or permanent capacity he shall resign his membership of such Union.

3. If, however, the officer concerned satisfies the General Manager of the Railway concerned that by such resignation he will lose financially or otherwise under any beneficent scheme organized by such Union such as death or accident insurance, he may be permitted to continue as an ordinary member, but not as office bearer or representative, of that Union.

4. The responsibility for satisfying the General Manager in this respect will rest with the officer concerned.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 and 4 only

(b) 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2, 3 and 4

12. रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 के नियम 18-A का संबंध किससे है ?

(a) प्रेस या रेडियो से संबंध

(b) उपहार

(c) चल संपत्ति के संबंध में लेन-देन

(d) भारत से बाहर या विदेशी नागरिकों के साथ अचल संपत्ति के संबंध में लेन-देन

13. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अनुसार आधिकारिक सूचना के संचार की अनुमति रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 के निम्नलिखित में से किस नियम के अंतर्गत दी जाती है ?

(a) नियम 11

(b) नियम 18

(c) नियम 9

(d) नियम 8(2)

14. रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 के किस नियम के अधीन रेल सेवक का सरकार की पूर्व अनुमति के बिना किसी समाचार-पत्र का संपादन करना वर्जित है ?

(a) नियम 11

(b) नियम 2

(c) नियम 19

(d) नियम 8

15. रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 का नियम 13-A निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?

(a) दहेज

(b) सरकार की आलोचना करना

(c) चंदा लेना

(d) राजनीतिक रैलियों में भाग लेना

16. रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 का नियम 15(1) के अनुसार, इसके उप-नियम (2) के प्रावधानों के अंतर्गत, निम्नलिखित में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(a) कोई रेल सेवक, सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना, किसी व्यापार या व्यवसाय में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संलग्न नहीं होगा ।

(b) कोई रेल सेवक, सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना, किसी अन्य रोजगार के लिए न तो बातचीत करेगा, न ही अन्य कोई रोजगार करेगा ।

(c) कोई रेल सेवक, सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना, किसी निकाय में किसी निर्वाचन का पद धारण नहीं करेगा, न ही किसी निर्वाचन के पद के किसी उम्मीदवार या उम्मीदवारों के लिए पक्ष-प्रचार करेगा, भले ही वह निगमित हो या न हो ।

(d) कोई रेल सेवक, सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना, किसी राजनीतिक दल में सम्मिलित नहीं होगा ।

17. रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 का नियम 17 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?

(a) दिवालियापन और आदतन ऋणग्रस्तता

(b) निवेश, उधार देना और उधार लेना

(c) सरकारी आवास की उप किरायेदारी और आवास खाली करना

(d) रेल सेवा के सम्मान में सार्वजनिक प्रदर्शन

12. Rule 18-A of Railway Services (Conduct) Rules, 1966, is related to

(a) connection with press or radio

(b) gifts

(c) transactions in movable property

(d) transactions in immovable property outside India or with foreigners

13. Communication of official information in accordance with Right to Information Act 2005 is permitted under which one of the following rules of Railway Services (Conduct) Rules, 1966 ?

(a) Rule 11

(b) Rule 18

(c) Rule 9

(d) Rule 8(2)

14. Railway servant is barred from editing a Newspaper without prior permission of the Government under which one of the following rules of Railway Services (Conduct) Rules, 1966 ?

(a) Rule 11

(b) Rule 2

(c) Rule 19

(d) Rule 8

15. Rule 13-A of Railway Services (Conduct) Rules, 1966, is related to

(a) Dowry

(b) Criticism of Government

(c) Accepting subscription

(d) Participating in political rally

16. Which one of the following is ***not*** correct as per Rule 15(1) of Railway Services (Conduct) Rules, 1966, subject to the provisions of sub-rule (2) ?

(a) No Railway servant shall, except with the previous sanction of the Government, engage directly or indirectly in any trade or business.

(b) No Railway servant shall, except with the previous sanction of the Government, negotiate for, or undertake, any other employment.

(c) No Railway servant shall, except with the previous sanction of the Government, hold an elective office, or canvass for a candidate or candidates for an elective office, in any body, whether incorporated or not.

(d) No Railway servant shall, except with the previous sanction of the Government, join a political party.

17. Rule 17 of Railway Services (Conduct) Rules, 1966 is related to

(a) Insolvency and Habitual indebtedness

(b) Investment, lending and borrowing

(c) Subletting and vacation of Government accommodation

(d) Public demonstrations in honour of Railway services

18. रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 के नियम 20 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) कोई रेल सेवक, सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना, किसी ऐसे सरकारी कार्य के दोष-निवारण के लिए, जो किसी प्रतिकूल आलोचना या मानहानिकारक प्रहार की विषय-वस्तु रहा हो, किसी न्यायालय या प्रेस का अवलंब नहीं लेगा ।

(b) कोई भी रेल सेवक सरकार में अपनी सेवा से संबंधित मामलों के संबंध में अधिक हितलाभ प्राप्त करने के लिए किसी वरिष्ठ प्राधिकारी पर कोई राजनीतिक या अन्य प्रकार का कोई प्रभाव नहीं डालेगा, न ही प्रभाव डालने का प्रयास करेगा ।

(c) किसी भी रेलवे सेवक को सरकारी आवास को उप-किराएदारी पर देने की अनुमति नहीं है ।

(d) कोई भी रेल सेवक भारत के बाहर स्थित कोई अचल संपत्ति न तो अपने नाम से और न ही अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम से खरीद कर, बंधक-पट्टे पर, उपहार लेकर या अन्यथा अर्जित नहीं करेगा ।

19. रेल सेवक के लिए एल्कोहॉल का सेवन करना प्रतिबंधित है

(a) ड्यूटी आरंभ होने के पूर्व के 8 घंटे के अंदर

(b) ड्यूटी आरंभ होने के पूर्व के 10 घंटे के अंदर

(c) ड्यूटी आरंभ होने के पूर्व के 12 घंटे के अंदर

(d) ड्यूटी आरंभ होने के पूर्व के 16 घंटे के अंदर

20. रेल सेवा (आचरण) नियम, 1966 का कौन-सा नियम कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न के प्रतिषेध पर विचार करता है ?

(a) नियम 4

(b) नियम 4(A)

(c) नियम 3(B)

(d) नियम 3(C)

21. कोई रेल सेवक, जिसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया हो या निष्कासित कर दिया गया हो किंतु अपील करने या पुनरीक्षण पर उसका पुनःस्थापन कर दिया गया है, तो वह

(a) छुट्टियों के प्रयोजन से, अपनी पूर्व सेवा की गणना का हकदार नहीं है ।

(b) छुट्टियों के प्रयोजन से, पूर्व सेवा की केवल औसत वेतन छुट्टियों की गणना का हकदार है ।

(c) छुट्टियों के लिए, अपनी पूर्व सेवा की गणना का हकदार है ।

(d) छुट्टियों के लिए, अपनी पूर्व सेवा से अर्जन-शोध्य छुट्टियों की गणना का हकदार नहीं है ।

22. किसी विशिष्ट अवधि के लिए "अगली वेतन-वृद्धि विधारित करना" वाक्य से आप क्या समझते हैं ?

1. इसका निहित अर्थ है कि इस अवधि के दौरान देय होने वाली सभी वेतन-वृद्धियाँ विधारित होंगी ।

2. इस विशिष्ट अवधि में एक वेतन-वृद्धि विधारित की जानी चाहिए ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

23. निम्नलिखित किस परिस्थिति में किसी रेल सेवक को छुट्टी प्रदान ***नहीं*** की जानी चाहिए ?

(a) जब कोई रेल सेवक बारंबार छुट्टी के लिए आवेदन करने का अभ्यासी हो

(b) जब उसका आसन्न वरिष्ठ अधिकारी छुट्टी पर जा रहा हो

(c) जब सक्षम प्राधिकारी ने उसे सेवा से बर्खास्त करने, हटाने या अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का निर्णय ले लिया हो

(d) जब कोई रेल सेवक छुट्टियों की अवधि के दौरान मुख्यालय से बाहर जाने का इरादा रखता हो

18. Which one of the following statements is correct regarding Rule 20 of Railway Services (Conduct) Rules, 1966 ?

(a) No Railway servant shall, except with the previous sanction of the Government, have recourse to any Court or to the Press for the vindication of any official act which has been subject matter of adverse criticism or an attack of a defamatory character.

(b) No Railway servant shall bring or attempt to bring any political or other influence to bear upon any superior authority to further interests in respect of matters pertaining to his service under the Government.

(c) No Railway servant is allowed to sublet the Government accommodation.

(d) No Railway servant shall acquire, by purchase, mortgage lease, gift or otherwise, either in his own name or in the name of any member of his family, any immovable property situated outside India.

19. A Railway servant is restricted to consume alcohol within

(a) 8 hours before commencement of duty

(b) 10 hours before commencement of duty

(c) 12 hours before commencement of duty

(d) 16 hours before commencement of duty

20. Which one of the following rules of the Railway Service (Conduct) Rules, 1966, deals with prohibition of sexual harassment of working women ?

(a) Rule 4

(b) Rule 4(A)

(c) Rule 3(B)

(d) Rule 3(C)

21. A Railway servant who is dismissed or removed from service but is reinstated on appeal or revision, is

(a) not entitled to count his former service for leave purpose.

(b) entitled to count only leave on average pay for former service for leave purpose.

(c) entitled to count his former service for leave.

(d) not entitled to count leave not due from former service for leave.

22. What do you understand by the term "Withholding Next Increment" for a specific period ?

1. It implies that all increments falling due during that period would be withheld.

2. One increment should be withheld over a specific period.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

23. In which of the following circumstances, leave shall ***not*** be granted to a Railway servant ?

(a) When the Railway servant is in the habit of applying for leave frequently

(b) When his immediate superior is proceeding on leave

(c) When the competent authority has decided to dismiss, remove or compulsorily retire him from service

(d) When the Railway servant intends to leave the headquarters during the period of leave

24. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अर्जित छुट्टी के संबंध में सही है ?

(a) रेल सेवक एक कलेंडर वर्ष में औसत वेतन पर तीस दिन की छुट्टियों का हकदार है ।

(b) तीस दिनों की अवधि वर्ष के अंत में उसके खाते में जमा की जाएगी ।

(c) तीस दिनों की यह अवधि प्रति वर्ष 15-15 दिनों की दो किश्तों में, 1 जनवरी और 1 जुलाई को खाते में जमा की जाएगी ।

(d) तीस दिनों की यह अवधि प्रत्येक वर्ष चार तिमाही किश्तों में जमा की जाएगी ।

25. सरकारी कर्तव्यों का पालन कार्यान्वित करने में विधिक कार्यवाहियों में संलग्न रेल सेवक

(a) किसी भी परिस्थिति में विधिक व्यय की प्रतिपूर्ति का दावा नहीं कर सकता है ।

(b) सीधे विधि और न्याय मंत्रालय को अपना दावा प्रस्तुत कर सकता है।

(c) भुगतान और लेखा अधिकारी को अपना दावा प्रस्तुत कर सकता है ।

(d) भारतीय रेल स्थापना संहिता, जिल्द-1 के पैरा 701 और 702 में दिए गए उपबंधों के अनुसार अपना दावा प्रस्तुत कर सकता है ।

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

रेल सेवक के संबंध में "अन्यत्र सेवा" का तात्पर्य है :

1. विदेश में किसी रेल परियोजना में उसके द्वारा दी जा रही सेवा ।

2. भारत सरकार के किसी विदेशी राजदूतावास/उच्च आयोग के लिए प्रतिनियुक्ति पर उसके द्वारा प्रदान की जा रही सेवा ।

3. वह सेवा जिसके दौरान वह भारत/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की समेकित निधि के अलावा किसी अन्य स्रोत से वेतन प्राप्त करता है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही *नहीं* है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

27. किसी कर्मचारी को उसकी वरिष्ठता स्थिति के नियतन के संबंध में अभ्यावेदन देने के लिए अनुमत्य समयावधि क्या होती है ?

(a) पंद्रह दिन

(b) एक माह

(c) तीन माह

(d) एक वर्ष

28. अधिशेष (Surplus) कर्मचारियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) अधिशेष कर्मचारी, नई यूनिट (इकाई) में अपनी वरिष्ठता के प्रयोजन से, उनके द्वारा पिछली यूनिट में प्रदान की गई पूर्व सेवा का लाभ प्राप्त करने के हकदार हैं ।

(b) अधिशेष कर्मचारियों को, उनकी वरिष्ठता के प्रयोजन से, नए प्रवेशी के रूप में नहीं माना जाता है ।

(c) अधिशेष कर्मचारियों को उनकी वरिष्ठता के प्रयोजन से, सीधी भर्ती के रूप में नहीं माना जाता है ।

(d) अधिशेष कर्मचारी, नई यूनिट (इकाई) में अपनी वरिष्ठता के प्रयोजन से अपनी पिछली यूनिट में प्रदान की गई पूर्व सेवा का लाभ प्राप्त करने के हकदार नहीं हैं ।

24. Which one of the following statements is correct regarding earned leave ?

(a) A Railway servant is entitled to thirty days leave on average pay in a calendar year.

(b) The period of thirty days will be credited at the end of the year.

(c) The period of thirty days will be credited in two installments of 15 days each on 1st of January and 1st of July every year.

(d) The period of thirty days will be credited in four quarterly installments every year.

25. A Railway servant involved in legal proceedings in the execution of performance of official duty

(a) cannot claim reimbursement of legal expenses under any circumstance.

(b) can prefer his claim directly to the Ministry of Law and Justice.

(c) can prefer his claim to the pay and accounts officer.

(d) can prefer his claim as per provisions contained at paras 701 and 702 of the Indian Railway Establishment Code, Vol–I.

26. Consider the following statements :

"Foreign Service" in respect of a Railway servant means

1. Service rendered by him in a Railway project in a foreign country.
2. Service rendered by him on deputation to any foreign embassy/high commission of the Government of India.
3. Service during which he receives pay from any source other than the Consolidated Fund of India/of a State/of a Union Territory.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 3 only

(d) 1, 2 and 3

27. What is the time period allowed to the staff for representation about the assignment of their seniority position ?

(a) Fifteen days

(b) One month

(c) Three months

(d) One year

28. Which of the following statements is correct regarding the surplus employees ?

(a) The surplus employees are entitled for the benefit of the past service rendered in the previous unit for the purpose of their seniority in the new unit.

(b) The surplus employees are not treated as fresh entrants for the purpose of their seniority.

(c) The surplus employees are not treated as direct recruits for the purpose of their seniority.

(d) The surplus employees are not entitled for benefit of the past service rendered in the previous unit for the purpose of their seniority in the new unit.

**29.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कर्मचारी हितलाभ निधि में जमा की जाती हैं :

1. जुर्माने से प्राप्त सभी प्राप्तियाँ
2. गैर-राजपत्रित कर्मचारियों के भविष्य निधि बोनस की जब्त की गई राशि की सभी प्राप्तियाँ
3. रेलवे बोर्ड द्वारा विहित की गई प्रति व्यक्ति दर पर रेलवे के राजस्व से प्राप्त वार्षिक अनुदान
4. अप्रदत्त वेतन से, जो कर्मचारी या उनके उत्तराधिकारियों का अता-पता मालूम न होने की वजह से 3 वर्ष से अधिक समय से अप्रदत्त हों

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1, 3 और 4

(c) केवल 2, 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**30.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

प्रशासन के हित में एक संवर्ग से दूसरे संवर्ग में स्थानांतरण पर रेल सेवक की वरिष्ठता का विनियमन होता है

1. उस ग्रेड में नियुक्ति की तारीख से ।
2. पदोन्नति की तारीख से ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**31.** दत्तमत व्यय के प्राक्कलनों को लोक सभा में किस रूप में प्रस्तुत किया जाता है ?

(a) अनुदान की मांग

(b) व्याख्यात्मक टिप्पणी

(c) मुख्य और गौण शीर्ष की सूची

(d) पिंक बुक (Pink book)

**32.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

अनुदान की मांग पर किसके द्वारा मतदान किया जाना अपेक्षित होता है ?

1. राज्य सभा
2. लोक सभा

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**33.** प्रभारित व्यय क्या होता है ?

(a) व्यय, भारत की संचित निधि से प्रभारित होता है ।

(b) व्यय, लोक लेखा से प्रभारित होता है ।

(c) व्यय, आकस्मिकता निधि से प्रभारित होता है ।

(d) व्यय का विनिर्णय भारत की उच्चतम न्यायालय द्वारा हुआ है ।

**34.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रभारित व्यय का मामला *नहीं* है ?

(a) सीएजी के संबंध में वेतन और पेंशन

(b) रेलवे बोर्ड के कर्मचारियों का वेतन और पेंशन

(c) किसी न्यायालय की डिक्री और अधिनिर्णय

(d) माध्यस्थम् पंचाट

**29.** Consider the following statements :

The Staff Benefit Fund is credited with

1. all receipts from fines.
2. all receipts from forfeited P.F. bonuses of Non-Gazetted staff.
3. annual grant from revenues of the Railway at per capita rate prescribed by Railway Board.
4. unpaid wages remaining unpaid for more than 3 years on account of whereabouts of the employee or their heirs being not known.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 1, 3 and 4 only

(c) 2, 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**30.** Consider the following statements :

Seniority of Railway servants on transfer from one cadre to another in the interest of the administration, is regulated by

1. the date of appointment to the grade.
2. the date of promotion.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**31.** The estimates of voted expenditure are to be submitted to Lok Sabha in the form of

(a) Demands for grants

(b) Explanatory note

(c) List of major and minor heads

(d) Pink book

**32.** Consider the following statements :

The demands for grants are required to be voted by

1. Rajya Sabha
2. Lok Sabha

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**33.** What is charged expenditure ?

(a) Expenditure is charged on the Consolidated Fund of India.

(b) Expenditure is charged on the Public Accounts.

(c) Expenditure is charged on the Contingency Fund.

(d) Expenditure has been ruled by the Supreme Court of India.

**34.** Which of the following is ***not*** the case of a charged expenditure ?

(a) Salary and pension in respect of CAG

(b) Salary and pension of staff of Railway Board.

(c) Decree and award of any court

(d) Arbitration award

**35.** प्रथा के तौर पर, प्रत्येक रेल बजट में

(a) तीन तत्त्व होते हैं, जिसमें पिछले वर्ष के लिए वास्तविक आँकड़े, चालू वर्ष के लिए संशोधित प्राक्कलन और आगामी वर्ष के लिए बजट प्राक्कलन सम्मिलित हैं ।

(b) चार तत्त्व जिसमें पिछले दो वर्षों के लिए वास्तविक आँकड़े, चालू वर्ष के लिए संशोधित प्राक्कलन न और आगामी वर्ष के लिए बजट प्राक्कलन सम्मिलित हैं ।

(c) दो तत्त्व, चालू वर्ष के लिए अपेक्षित प्राक्कलन और आगामी वर्ष के लिए बजट प्राक्कलन सम्मिलित हैं ।

(d) केवल चालू वर्ष के लिए बजट प्राक्कलन सम्मिलित हैं ।

**36.** अनुदान की मांग पर लोक सभा द्वारा मतदान अपेक्षित है :

(a) केवल सकल राशि के लिए

(b) केवल निवल राशि के लिए

(c) प्रभारित राशि को छोड़ कर निवल राशि के लिए

(d) प्रभारित राशि को छोड़ कर सकल राशि के लिए

**37.** वार्षिक वित्तीय विवरण में दत्तमत और प्रभारित व्यय दर्शाया जाना होता है, इसका उल्लेख भारत के संविधान के निम्नलिखित किस अनुच्छेद में किया गया है ?

(a) अनुच्छेद 112(a)

(b) अनुच्छेद 113(2)

(c) अनुच्छेद 114

(d) अनुच्छेद 110

**38.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

पुनर्विनियोजन की निम्नलिखित यूनिटों के अधीन सिविल अनुदान के अंतर्गत रेलवे प्रशासन को आबंटित राशि से एक यूनिट से दूसरी यूनिट में धनराशि का विनियोग अनुमेय है

1. राज्य भविष्य निधि और राजस्व आरक्षित निधि के मध्य

2. राजस्व आरक्षित निधि और रेलवे विकास निधि के मध्य

उपर्युक्त में से कौन–सा/कौन–से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**39.** निर्माण कार्य व्यय प्रदान किया जाता है

(a) दो माँग के अधीन

(b) एकल माँग के अधीन

(c) चार माँग के अधीन

(d) पाँच माँग के अधीन

**35.** As a matter of practice, every Railway budget contains

(a) three elements comprising actual data for the previous year, revised estimates for the current year and budget estimates for the coming year.

(b) four elements comprising actual data for the previous two years, revised estimates for the current year and budget estimates for the coming year.

(c) two elements comprising required estimates for the current year and budget estimates for the coming year.

(d) only budget estimates for the current year.

**36.** The demands for grants are required to be voted by Lok Sabha for

(a) gross amounts only

(b) net amounts only

(c) net amounts excluding the charged amounts

(d) gross amounts excluding the charged amounts

**37.** The annual financial statement needs to show voted and charged expenditure under which one of the following Articles of the Constitution of India ?

(a) Article 112(a)

(b) Article 113(2)

(c) Article 114

(d) Article 110

**38.** Consider the following statements :

Appropriation of funds is permissible from one unit to another from the amount allotted to Railway administration under the Civil Grant under the following units of re-appropriations :

1. between State Provident Fund and Revenue Reserve Fund

2. between Revenue Reserve Fund and Railway Development Fund

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**39.** The works expenditure is provided under

(a) two demands

(b) a single demand

(c) four demands

(d) five demands

40. वित्तीय आयुक्त के संबंध में निम्नलिखित में कौन-सा/कौन-से विवरण सही है/हैं ?

1. वित्तीय आयुक्त रेलवे बोर्ड का एक सदस्य होता है और वह किसी भी मामले में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष के प्रति जवाबदेह होता है ।

2. वित्तीय आयुक्त रेलवे बोर्ड का एक सदस्य होता है और रेलवे बोर्ड से किसी भी मतभेद के मामले में उसे रेल मंत्री को प्रस्तुत करना होता है ।

3. वित्तीय आयुक्त रेलवे बोर्ड का एक सदस्य होता है और वह रेलवे बोर्ड में वित्त मंत्री का प्रतिनिधि होता है तथा उसके पास मतभेद के किसी भी मामले को वित्त मंत्री को भेजने का अधिकार होता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

41. विनियोग लेखे के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मूल अनुदान या विनियोग का मिलान केवल अंतिम अनुदान से किया जाता है और इनमें विचरण की व्याख्या की जाती है ।

2. अंतिम अनुदान या विनियोजन का मिलान केवल वर्ष के वास्तविक व्यय से किया जाता है और इनमें विचरण की व्याख्या की जाती है ।

3. मूल अनुदान या विनियोग का मिलान अंतिम अनुदानों या विनियोजनों से किया जाता है और बाद में फिर इसका मिलान वर्ष के वास्तविक व्यय से किया जाता है और इनमें विचरण की व्याख्या की जाती है ।

निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

42. "बजटीय समीक्षा के माध्यम से उत्तरोत्तर दो वर्षों के लिए निधियों की माँग", निम्नलिखित में से किसे कहा जाता है ?

(a) अगस्त समीक्षा

(b) अंतिम आशोधन

(c) परिशोधित और बजट प्राक्कलन

(d) वित्तीय समीक्षा

40. Which of the following statements is/are correct regarding Financial Commissioner ?

1. The Financial Commissioner is one of the members of the Railway Board, and he is responsible towards the Chairman Railway Board in any case.
2. The Financial Commissioner is one of the members of the Railway Board, and he is to submit to Minister for Railways in case of difference of opinion with the Railway Board.
3. The Financial Commissioner is one of the members of the Railway Board, and he is the representative of Finance Minister on Railway Board and has the right to refer the matter to the Finance Minister in case of any difference of opinion.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 3 only

(d) 1, 2 and 3

41. Consider the following statements regarding appropriation accounts :

1. The original grants or appropriations are compared with final grants only and variations explained.
2. The final grants or appropriations are only compared with actual expenditure of the year and variations explained.
3. The original grants or appropriations are compared with final grants or appropriations and later again compared with actual expenditure of the year and variations explained.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 3 only

(d) 1, 2 and 3

42. Which one of the following is referred as 'funds for successive two years are asked through budgetary review' ?

(a) August review

(b) Final modification

(c) Revised and budget estimate

(d) Financial review

**43.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

भविष्य निधि खाते में जमा में शामिल हैं

1. अग्रिमों की वापसी
2. अस्थायी अग्रिम
3. अंतिम निकासी
4. ब्याज

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**44.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

भविष्य निधि अनुभाग में रखे गए सूचक (इंडेक्स) रजिस्टर

1. नामे और जमा होते हैं
2. सांख्यिक और आनुवर्णिक होते हैं

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**45.** भविष्य निधि में स्वैच्छिक अंशदान

(a) वर्ष के दौरान घटाया और बढ़ाया जा सकता है ।

(b) वर्ष के दौरान दो बार बढ़ाया जा सकता है ।

(c) वर्ष के दौरान दो बार घटाया जा सकता है ।

(d) वर्ष के दौरान न तो बढ़ाया जा सकता है और न ही घटाया जा सकता है ।

**46.** भविष्य निधि खाताबही (लैजर) से जाँच शीटों को कितने भागों में रखा जाता है ?

(a) दो भागों में

(b) तीन भागों में

(c) चार भागों में

(d) पाँच भागों में

**47.** निम्नलिखित में से कौन-सा, भविष्य निधि से अग्रिम प्रदान करने के लिए सामान्य शर्तों का एक भाग ***नहीं*** है ?

(a) अग्रिम की राशि ब्याज सहित अंशदान की राशि से अधिक नहीं होगी ।

(b) एक से अधिक खाते से एक साथ अग्रिम स्वीकृत नहीं किए जाते हैं ।

(c) एक से अधिक खाते से एक साथ अग्रिम स्वीकृत किए जाते हैं ।

(d) प्राधिकारी लिखित में अग्रिम प्रदान करने का कारण दर्ज करेगा।

**48.** भविष्य निधि से अंतिम निकासी ऐसे व्यक्ति को अनुमेय होगा जिसे :

(a) अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने में 8 वर्ष से कम शेष हैं

(b) अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने में 5 वर्ष से कम शेष हैं

(c) अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने में 10 वर्ष से कम शेष हैं

(d) अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने में 15 वर्ष से कम शेष हैं

**49.** प्रभारित व्यय के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) यह माँग के क्षेत्र से बाहर होता है ।

(b) यह दत्तमत अनुदान का भाग होता है ।

(c) इसे भारत के लोक लेखा के भाग-III में चालू खाते में दर्शाया जाता है ।

(d) यह भारत के राष्ट्रपति के अनुमोदन के अध्यधीन होता है ।

**43.** Consider the following statements :

The credits to the provident fund accounts comprise

1. refund of advances
2. temporary advances
3. final withdrawals
4. interest

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**44.** Consider the following statements :

The index registers maintained in the provident fund section are

1. debit and credit
2. numerical and alphabetical

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**45.** The voluntary contribution to provident fund

(a) may be reduced and enhanced during the course of the year.

(b) may be enhanced twice during the course of the year.

(c) may be reduced twice during the course of the year.

(d) may not be reduced or enhanced during the course of the year.

**46.** Check sheets from the provident fund ledgers are kept in

(a) two parts

(b) three parts

(c) four parts

(d) five parts

**47.** Which one of the following does ***not*** form a part of the general conditions for grant of advance from the provident fund ?

(a) The advance shall not exceed the amount of subscription together with interest.

(b) The advances on more than one account are not sanctioned simultaneously.

(c) The advances on more than one account are sanctioned simultaneously.

(d) The authority shall record in writing the reason for granting the advance.

**48.** Final withdrawals from the provident fund are allowed to a person who has less than

(a) 8 years to attain the age of superannuation

(b) 5 years to attain the age of superannuation

(c) 10 years to attain the age of superannuation

(d) 15 years to attain the age of superannuation

**49.** Which one of the following statements is correct regarding charged expenditure ?

(a) It is outside the scope of demand.

(b) It is a part of voted grants.

(c) It is shown in Part III – Public Account of India in current account.

(d) It is subject to the approval of President of India.

**50.** संसद रेल के वित्त पर नियंत्रण मुख्यतः निम्नलिखित में से किस संसदीय समिति के द्वारा करती है ?

(a) अधीनस्थ विधायन समिति, सरकारी आश्वासन समिति और राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री परिषद

(b) लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति, रेलवे कन्वेंशन समिति

(c) रेलवे दर न्यायाधिकरण, राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता पराशर्मदात्री परिषद और प्राक्कलन समिति

(d) लोक लेखा समिति, रेलवे दर न्यायाधिकरण और राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री परिषद

**51.** संसदीय राजभाषा समिति में कितने सदस्य होते हैं ?

(a) राज्य सभा से 25 सदस्य

(b) राज्य सभा से 20 सदस्य

(c) राज्य सभा से 15 सदस्य

(d) राज्य सभा से 10 सदस्य

**52.** संसदीय राजभाषा समिति का कर्तव्य हिंदी के प्रयोग में हुई प्रगति की समीक्षा करना है :

(a) शैक्षणिक संस्थानों में

(b) पत्राचार में

(c) राज्य सरकारों में शासकीय प्रयोजन के लिए

(d) संघ के शासकीय प्रयोजन के लिए

**53.** राज्यभाषा अधिनियम, 1963 की निम्नलिखित किस धारा के अधीन भारत के राष्ट्रपति संसदीय राजभाषा समिति द्वारा प्रस्तुत समस्त रिपोर्ट या उसके किसी भाग के अनुसार निदेश दे सकेंगे ?

(a) धारा 3(3)

(b) धारा 5

(c) धारा 4(4)

(d) धारा 6

**54.** संघ और ऐसे राज्य के मध्य पत्राचार के लिए किस भाषा का प्रयोग किया जाएगा जिसने राजभाषा के रूप में हिंदी भाषा को स्वीकार ***नहीं*** किया है ?

(a) उर्दू

(b) तमिल

(c) अंग्रेज़ी

(d) संबंधित क्षेत्रीय भाषा

**55.** राजभाषा अधिनियम, 1963 की निम्नलिखित किस धारा में उल्लेख किया गया है कि " 'हिंदी' से यह अभिप्रेत है, हिंदी जिसकी लिपि देवनागरी है" ?

(a) धारा 3(क)

(b) धारा 2(ख)

(c) धारा 4

(d) धारा 2(ग)

**56.** निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तिका तत्काल संदर्भ के लिए महत्त्वपूर्ण विनिर्णयों और विनिश्चयों को नोट करने के लिए बनाई जाती है ?

(a) कॉल बुक

(b) अनुभागीय नोट बुक

(c) केस बुक

(d) उदाहरण पुस्तक

50. Parliament exercises control over Railway finances mainly through which of the following parliamentary committees ?

(a) Committee on Subordinate Legislation, Committee on Government Assurances, and National Railway Users Consultative Council

(b) Public Accounts Committee, Estimates Committee, and Railway Convention Committee

(c) Railway Rate Tribunal, National Railway Users Consultative Council, and Estimates Committee

(d) Public Accounts Committee, Railway Rate Tribunal and National Railway Users Consultative Council

51. The Committee of Parliament on Official Language consists of

(a) 25 members from Council of States

(b) 20 members from Council of States

(c) 15 members from Council of States

(d) 10 members from Council of States

52. The duty of the Committee of Parliament on Official Language is to review the progress made in the use of Hindi

(a) in educational institutes

(b) in communication

(c) for the official purpose in the State Governments

(d) for the official purpose of the Union

53. Under which one of the following sections of the Official Languages Act, 1963, the President of India may issue directions in accordance with the whole or any part of the report submitted by the Committee of Parliament on Official Language ?

(a) Section 3(3)

(b) Section 5

(c) Section 4(4)

(d) Section 6

54. Which language shall be used for the purpose of communication between the Union and a State which has ***not*** adopted Hindi as its official language ?

(a) Urdu

(b) Tamil

(c) English

(d) Concerned regional language

55. Which one of the following sections of the Official Languages Act, 1963, states that " 'Hindi' means Hindi in Devanagari Script" ?

(a) Section 3(a)

(b) Section 2(b)

(c) Section 4

(d) Section 2(c)

56. Which one of the following books is maintained for keeping note of important rulings and decisions for ready reference ?

(a) Call book

(b) Sectional note book

(c) Case book

(d) Precedent book

57. निम्नलिखित में से कौन-से भारत के राजपत्र में प्रकाशित होते हैं, जो जनता और प्रेस, दोनों के लिए उपलब्ध हैं ?

(a) सरकारी प्रकाशन एवं रिपोर्टें

(b) श्वेत पत्र एवं रिपोर्टें

(c) प्रेस प्रकाशनी (प्रेस रिलीज़) एवं प्रकाशन

(d) अधिसूचनाएँ एवं संकल्प

58. रिकॉर्ड के लिए फाइलों को श्रेणीबद्ध करने के लिए 'क' श्रेणी का क्या अर्थ है ?

(a) केवल निर्धारित अवधि तक के लिए सुरक्षित रखें

(b) सुरक्षित रखें और निर्धारित अवधि के बाद नष्ट कर दें

(c) सुरक्षित रखें परंतु उसकी माइक्रोफिल्म न बनाएँ

(d) सुरक्षित रखें और उसकी माइक्रोफिल्म बनाएँ

59. शुद्ध रूप से अल्पकालिक स्वरूप की फाइलें, जिनमें नगण्य संदर्भ या अनुसंधानात्मक मूल्य के कागज होते हैं, उन्हें किस अवधि के बाद नष्ट किया जा सकता है ?

(a) औपचारिक रूप से रिकॉर्ड किए बिना एक वर्ष

(b) औपचारिक रूप से रिकॉर्ड किए बिना दो वर्ष

(c) औपचारिक रूप से रिकॉर्ड किए बिना तीन वर्ष

(d) औपचारिक रूप से रिकॉर्ड किए बिना चार वर्ष

60. रजिस्टरों/डायरियों के अनुरक्षण के लिए निम्नलिखित में से क्या अपेक्षित *नहीं* है ?

(a) केस बुक

(b) उदाहरण पुस्तक

(c) अनुभागीय नोट बुक

(d) कॉल बुक

61. भारत की आकस्मिकता निधि (CFI) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. CFI भारत की आकस्मिकता निधि में से ऐसे अप्रत्याशित व्ययों को पूरा करने के लिए है, जिन पर बजट में ध्यान नहीं दिया गया था और जिन्हें पुनर्विनियोजन द्वारा भी पूरा नहीं किया जा सकता हो ।

2. CFI से आहरित राशि की, संसद के अगले ही सत्र में अनुपूरक अनुदानों की माँगें प्रस्तुत करने के तत्काल बाद CFI को प्रतिपूर्ति की जानी होती है ।

3. CFI को रेलवे वित्त आयुक्त के अधिकार में रखा गया है ।

4. CFI से आहरण को भारत के राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित किया जाना होता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2, 3 और 4

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 1, 2 और 3

(d) केवल 1, 2, 3 और 4

57. Which of the following are published in the Gazette of India which are available both to the public and the press ?

(a) Official publications and reports

(b) White papers and reports

(c) Press releases and publications

(d) Notifications and resolutions

58. Classifying files for record under class 'A' means

(a) keep for specified period only

(b) keep and destroy after specified period

(c) keep but do not microfilm

(d) keep and microfilm

59. Files of a purely ephemeral nature containing paper of little reference or research value, may be destroyed after

(a) one year without being formally recorded

(b) two years without being formally recorded

(c) three years without being formally recorded

(d) four years without being formally recorded

60. Which one of the following is ***not*** required for maintenance of registers/dairies ?

(a) Case book

(b) Precedent book

(c) Sectional note book

(d) Call book

61. Which of the following statements are correct with regard to Contingency Fund of India (CFI) ?

1. CFI is carried out of the consolidated funds of India to meet unforeseen expenditure not contemplated in the budget and also cannot be met out by re-appropriation.

2. The amount withdrawn from CFI is to be re-coupled to CFI immediately after taking the supplementary demands for grants in the very next session of Parliament.

3. The CFI is placed at the disposal of the Financial Commissioner for Railways.

4. The withdrawal from CFI is to be approved by President of India.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2, 3 and 4 only

(b) 1 and 3 only

(c) 1, 2 and 3 only

(d) 1, 2, 3 and 4

62. अनुदानों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) रेलवे की 16 अनुदान माँगें हैं और अनुदानों की केवल सकल माँगों पर संसद का मत अपेक्षित है ।

(b) रेलवे की 16 अनुदान माँगें हैं और अनुदानों की केवल निवल माँगों पर संसद का मत अपेक्षित है ।

(c) रेलवे की 14 अनुदान माँगें हैं और अनुदानों की सकल माँगों और निवल माँगों, दोनों पर संसद का मत अपेक्षित है ।

(d) रेलवे की 14 अनुदान माँगें हैं और अनुदानों की सकल माँगों, क्रेडिट माँगों और निवल माँगों पर संसद का मत अपेक्षित है ।

63. संसद में अनुदान माँगों को प्रस्तुत करने से पहले, निम्नलिखित में से किसके अधीन भारत के राष्ट्रपति की संस्तुति प्राप्त की जानी चाहिए ?

(a) भारत के संविधान का अनुच्छेद 113(3)

(b) भारत के संविधान का अनुच्छेद 110

(c) भारत के संविधान का अनुच्छेद 112

(d) भारत के संविधान के अनुच्छेद 115 के खंड 1 और 2 के साथ पठित

64. ऐसे अप्रत्याशित व्यय को जिन्हें मौजूदा अनुदान से पुनर्विनियोजन के द्वारा पूरा नहीं किया जा सकता तथा "नई सेवा/सेवा के नए प्रपत्र" संबंधी व्यय को, जिन को बजट में अनुध्यात नहीं किया गया था, भारत की उस आकस्मिकता निधि के शेष में से पूरा किया जाएगा, जो

(a) रेलवे वित्त आयुक्त के अधिकार-क्षेत्र में है

(b) सदस्य, इंजीनियरी के अधिकार-क्षेत्र में है

(c) अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड के अधिकार-क्षेत्र में है

(d) रेल मंत्री के अधिकार-क्षेत्र में है

65. निम्नलिखित में से किसका, पूँजी से वहन ***नहीं*** किया जाता ?

(a) भूमि की लागत

(b) किसी ऐसे सेक्शन के रखरखाव की लागत, जिसे कार्य के लिए शुरू नहीं किया गया है

(c) नई लाइनों के निर्माण की प्रथम लागत

(d) कार्य के लिए शुरू किए गए किसी सेक्शन के अनुरक्षण की लागत

66. माँग संख्या 16 के अधीन कर्षण वितरण कार्यों के लिए योजना शीर्ष क्या है ?

(a) 33

(b) 34

(c) 36

(d) 37

67. अधि-पूँजीकरण के परिशोधन के भुगतान का बजट किस माँग संख्या के अधीन बनाया जाता है ?

